# केन्द्रीय विद्यालय ,खम्मम

## निर्माणात्मक आकलन-I

**कक्षा-१० वीं** **२०१५ -२०१६** **समय -९० मिनट**

**विषय -हिन्दी** **पूर्णांक - ४०**

**निर्देश :-**

**१) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं -क,ख,ग और घ |**

**२) चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**३) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए |**

## खण्ड-क(अपठित बोध)

**प्र.१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | ४ अंक**

भारत में विभिन्न भाषा-भाषी,धर्म एवं संप्रदायों के लोग रहते हैं,अतः अपने-अपने क्षेत्रों, भाषाओं आदि के कारण क्षेत्रीयतावाद का पनपना स्वाभाविक है | क्षेत्रीयतावाद यदि राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा किए बिना क्षेत्रीय समस्याओं के निराकारण एवं क्षेत्र के विकास के लिए किया जाए,तो राष्ट्रीय एकता को कोई खतरा नहीं है | वस्तुतः क्षेत्रीयतावाद एवं राष्ट्रवाद के सुंदर समायोजन से राष्ट्रीय एकता की कड़ी और मजबूत होती है | प्रत्येक क्षेत्र के लोग,यदि अपने-अपने ढंग से स्वप्न देखना प्रारंभ कर दें और साधना की अपनी-अपनी राह पकड़ लें,तो राष्ट्र की एकता खतरे में पड़ जाएगी राष्ट्र का विकास अवरुद्ध हो जाएगा,विश्रंखल होकर टूट जाएगा,नीड़ के तिनकों की तरह बिखर जाएगा |

(१) क्षेत्रीयतावाद का पनपना इसलिए स्वाभाविक है कि-

(क) भारतवासी अपनी-अपनी सोचने लगे हैं (ख) राष्ट्र का विकास होना ज्यादा ज़रूरी है

(ग) राष्ट्रवादी विचारधारा लुप्त हो रही (घ) भारत में विविध भाषा,धर्म और संप्रदायों के लोग रहते हैं

(२) राष्ट्रीय एकता की कड़ी की मजबूती के लिए सहायक सिद्ध होगी-

(क) क्षेत्रीयतावाद से विकास की ललक (ख) प्रांतीयता की होड़

(ग) क्षेत्रीयतावाद और राष्ट्रवाद से समन्वित विचारधारा (घ) समन्वित विकास की कार्य-शैली

(३) राष्ट्र की एकता कब खतरे में पड़ जाएगी --

(क) जब सभी समृद्ध हो जाएंगे (ख) सभी लोग समान सोच के होंगे

(ग) सभी शिक्षित हो जाएंगे (घ) प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचने व स्वप्न देखेंगे

(४) 'नीड़' का क्या आशय है ?

(क) घर (ख) आसरा (ग) घोंसला (घ) निवास

**प्र.२ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | ४ अंक**

मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे,
सोचा था,पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगे,
और,फूल-फूल कर,मै मोटा सेठ बनूँगा !
पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा,
बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला !
सपने जाने कहाँ मिटे,सब धूल हो गए !
मैं अबोध था,मैंने गलत बीज बोये थे ,
ममता को रोपा था,तृष्णा को सींचा था |

(१) किस अवस्था मे कवि ने बीज बोये थे ?

(क) युवावस्था (ख) बाल्यावस्था (ग)वृद्धावस्था (घ) तरुणावस्था

(२) कवि ने पैसों को क्यों बोया था ?

(क) ढेरों पैसे पाने के लिए (ख) चोरों से बचाने के लिए

(ग) पैसे बचाने के लिए (घ) पैसे छिपाने के लिए

(३) पैसे बोने से कवि को क्या प्राप्त हुआ?

(क) खूब सारे पैसों के फल (ख) कवि धनी बन गया

(ग) कवि की मेहनत बेकार गयी (घ) पैसों की खूब फसल उगी

(४) बंजर शब्द का विलोम रूप लिखिए ?

(क) अनुर्वर (ख) उर्वर (ग) प्रस्तर (घ) ऊसर

## **खण्ड ख (व्याकरण)**

प्र.३ निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइये - २ अंक

(१) वह स्त्री अत्यंत तेजस्विनी और स्वाभिमानी है |

(२) भूकंप आया और सारा शहर उजड़ गया |

प्र.४-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय बताइये- २ अंक

(१) कल मैंने लालकिला देखा|

(२) शशि दसवींकक्षा में पढ़ती है |

## <u>खण्ड-ग(साहित्य)</u>

**प्र.४ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ४ अंक**

हमारै हरि हारिल की लकरी |

मन क्रम बचन नन्द-नन्दन उर,यह दृढ़ करि पकरी |

जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जॅक री |

सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी |

सु तौ ब्याधि हमकौ लै आए, देखी सुनी न करी |

यह तौ 'सूर' तिन्ही लै सौंपौ,जिनके मन चकरी ||

(क) गोपियों ने श्रीकृष्ण को अपने हृदय में किस प्रकार बसाया हुआ है ?

(ख) ब्रह्म और योग की बात सुनकर गोपियों को कैसा लगता है ?

(ग) गोपियाँ इस योग नामकबीमारीको किसे सौंप देना चाहती हैं?

(घ) **'नन्द-नन्दन'**का क्या आशय है ?

**प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ४ अंक**

बालगोबिन भगत साधु थे | साधु की सब परिभाषाओं पर खरे उतरने वाले |कबीर को 'साहब' मानते थे,उन्ही के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते |कभी झूठ नहीं बोलते,खरा व्यवहार रखते |किसी से कभी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते |किसी की चीज नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार मे लाते | इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता! वह गृहस्थ थे लेकिन उनकी हर चीज 'साहब' की थी | जो कुछ खेत में पैदा होता,सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार मे ले जाते,जो उनके घर से कोस दूरी पर था-एक कबीरपंथी मठ से मतलब !

(१) बालगोबिन भगत किसको साहब मानते थे?

(२) बालगोबिन भगत का व्यवहार कैसा था ?

(३) वह अपनी पहली फसल को कहाँ ले जाते थे ?

(४) दो टूक बात करने का क्या अभिप्राय है ?

**प्र.६ निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं ५ प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए |    १० अंक**

(१) बच्चे द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या उम्मीद जगाता है ?

(२) बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व व उनकी वेषभूषा का अपने शब्दों मे चित्र प्रस्तुत कीजिये ?

(३) **"प्रीति-नदी में पाँउ न बोरयौ"** का आशय स्पष्ट कीजिये ?

(४) कवि ने 'श्रीब्रजदूलह' किसके लिए प्रयुक्त किया है और उन्हें संसार रूपी मंदिर का दीपक क्यों कहा है ?

(५) 'माता का आँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गयी है, वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है ?

(६) बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?

## खण्ड-घ(रचनात्मक लेखन)

**५ अंक**

प्र.७ खेल का नया सामान मँगवाने के लिए विद्यालय के खेल प्रशिक्षक को पत्र लिखिए |

**अथवा**

प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त कीजिए |

**प्र.७ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर १५० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |   ५ अंक**

(१) इंटरनेट की दुनिया

(२) पर्यावरण व प्रदूषण

(३) ग्लोबल वार्मिंग

* * * * * * * *